# बी.एच.ई.ई. थ्रिफ्ट एण्ड क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि.

''बचत भवन'', पिपलानी, बी.एच.ई.एल., भोपाल

( पंजीयन क्रमांक एम.एस.सी.एस.-सी.आर./339/2010 )

( ए-मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव, सोसायटीज एक्ट 2002 के अंतर्गत पंजीकृत )


क्रमांक : 2167 दिनांक : 06.09.2024


Phone : 0755-2505166
Auto : 0755-2502303
website : www.thriftbhel.com
e-mail : info@thriftbhel.com


प्रति,

1. सेन्ट्रल रजिस्ट्रार,
   मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटीज, नई दिल्ली
2. आयुक्त एवं पंजीयक सहकारी संस्थायें, मध्यप्रदेश, भोपाल
3. समस्त सदस्यगण

## साधारण आमसभा की सूचना

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की 55वीं वार्षिक आम सभा दिनांक 22-09-2024 दिन रविवार प्रात: 9.30 बजे से सांस्कृतिक भवन, बी.एच.ई.एल., भोपाल में आयोजित होगी, जिसमें आप सादर आमंत्रित हैं। निर्धारित समय पर यदि आवश्यक गणपूर्ति नहीं हुई तो सभा स्थगित की जावेगी एवं स्थगित आम सभा पुन: आधे घंटे पश्चात उसी दिनांक एवं स्थान पर प्रारंभ होगी, जिसमें गण पूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी। जिसमें केवल निर्धारित विषय सूची पर ही विचार होगा।

आपसे पुन: विनम्र आग्रह है कि सभा में निर्धारित समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें। साधारण सभा की निर्धारित विषय सूची निम्नानुसार है-

### विषय सूची

1. वर्ष 2023-24 में हुए कार्य एवं वर्ष 2024-25 के लिए कार्य योजनाओं के संबंध में अध्यक्षीय प्रतिवेदन का पठनोपरांत अनुमोदन।
2. विगत आम सभा दिनांक 10.09.2023 की कार्यवाही की पुष्टि करना।
3. वर्ष 2023-24 के अंकेक्षित लेखा पत्रकों, अंकेक्षक के प्रतिवेदन एवं पालन प्रतिवेदन पर विचारोपरांत अनुमोदन।
4. वर्ष 2023-24 के शुद्ध लाभ के वितरण का अनुमोदन।
5. वर्ष 2023-24 के कंज्यूम बजट का अनुमोदन।
6. वर्ष 2025-26 के बजट का अनुमोदन।
7. वर्ष 2023-24 में विभिन्न फंडों से किए गए व्ययों का अनुमोदन।
8. संचालक मंडल के सदस्यों के रिश्तेदार, कर्मचारियों के विवरण का प्रकाशन।
9. संचालक मंडल के सदस्यों पर बकाया कर्ज एवं अग्रिमों के विवरण का प्रकाशन।

10. वर्ष 2024–25 के लेखों के परीक्षण हेतु चार्टर्ड अकाउंटेंट की नियुक्ति पर विचार।
11. नान रिफंडेबल एफ.ए.एफ.एस. फंड की प्रतिपूर्ति के संबंध में स्वीकृति।
12. आवर्ती जमा एवं सावधि जमा की ब्याज दरों में किए गए संशोधनों की पुष्टि।
13. सदस्यों को वितरित किये गये उपहार व्यय की पुष्टि।
14. मल्टी स्टेट सेन्ट्रल रजिस्ट्रार के निर्देशानुसार संस्था बाइलाज में संशोधन हेतु स्वीकृति।
15. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।

Basant Kumar

**दिनांक : 07.09.2024**

**अध्यक्ष**
**( बसंत कुमार )**

## विशेष निवेदन है कि :

1. संस्था में आधुनिक संचार व्यवस्था उपलब्ध है जिसका उपयोग करते हुए आमसभा की सूचना, संस्था की आर्थिक स्थिति की जानकारियां, सी.ए. की रिपोर्ट एवं बैलेंस शीट आदि की समस्त जानकारियां संस्था द्वारा नेट पर प्रदर्शित कर दी गई है। सभी सदस्य महानुभावों से अनुरोध है कृपया संस्था की प्रगति आदि प्रतिवेदन नेट पर देख सकते हैं। जिन सदस्यों के पास नेट सुविधा नहीं है वह संस्था कार्यालय से प्रतिवेदन प्राप्त कर सकते हैं।
2. उक्त प्रस्तावों बावत् आपके सुझाव अथवा अन्य कोई विचारणीय विषय दिनांक 14.09.2024 तक संस्था प्रबंधक को लिखित में प्रस्तुत करें, इसके पश्चात कोई सुझाव विचार योग्य नहीं होगा।
3. कृपया आम सभा में उपस्थिति हेतु बी.एच.ई.एल., फोटो पास अवश्य साथ लावें।

**दिनांक 07.09.2024**

Basant Kumar

**अध्यक्ष**
**( बसंत कुमार )**